1. तैतरीयोपनिषद २.१ 7
2. वेद गानम् एक परिचय 7
वेद अक्षर अशुद्ध होने पर त्रुटि 8
3. श्रीपाद दामोदर सातवेलेकर जी सोलहवें वेद व्याख्यान पर आधारित 9
4. संहिता पाठ की पद्धति। 10
5. मंत्र का व्युत्क्रम आर सरल पाठ। 10
6. अर्धर्चपाठः। 10
7. पदों को चर्चा 10
8. पद पाठ की भिन्नता। 11
9. पदों की तीसरी विशेषता 12
10. पदों की चर्चा 12
11. व्युत्क्रम पद पाठ। 12
12. गायत्री मन्त्र का सीधा पद पाठ यह है। 13
13. इसी वेदमन्त्र का व्युत्क्रम पद पाठ यह है। 13
14. मन्त्र पाठ 13
15. पद पाठ 13
16. व्युत्क्रम पाठ 13
17. मण्डूकप्लुत पद पाठ 13
18. क्रम पाठ 13
19. पञ्च संधि 13
20. माला पाठ के २५ भेद 14
21. रथ पाठ के ११ भेद 14
22. आज वेदों की सुरक्षा कैसी हो? 15
23. अष्टौ विकृतयः 15
24. संहिता मन्त्र 15
25. पदच्छेदपूर्वको मन्त्र पाठः 15
26. पदसंहितालक्षणम् 15
27. पदविच्छेदोऽसंहितः। (प्रतिशाख्येसूत्रे कात्यायनः) सुप्तिडन्तं पदं (अष्टा.) 15
28. पद पाठ 15
29. क्रम लक्षणम् 15
30. क्रम पाठः 15
31. जटा पाठ विकृति लक्षणानि 15
32. जटा प्रथमं लक्षणम् 15
33. द्वितीयं जटालक्षणम् 15
34. जटा लक्षणम् 16
35. जटा 16

36. जटा पाठः......16
37. माला......16
38. क्रम माला लक्षणम्......16
39. क्रम माला......16
40. क्रम माला......16
41. पुष्प माला......17
पुष्प माला लक्षणम्......17
42. शिखा लक्षणम्......18
43. रेखा पाठ......18
पूर्वार्धस्य......18
उत्तरार्धस्य......18
यद्वासर्वस्य मन्त्रस्य......18
44. ध्वज लक्षणम्......19
अत्र विशेषः।......19
45. दण्डपाठः......19
दण्ड लक्षणम्......19
46. रथः......20
रथः लक्षणम्......20
47. द्वि चक्री रथः......21
द्वि चक्री रथः प्रथमः प्रकारो......21
48. द्विचक्री रथः द्वितीयः प्रकारो......22
49. त्रिचक्री रथः......22
50. चतुश्चक्री रथः......22
51. घनः......23
प्रथमं घन लक्षणम्......23
द्वितीयं घन लक्षणाम्......23
52. घनः पाठ......24
53. पञ्चसन्धियुक्तो घनपाठः......24
घन वल्लभः......24
54. पञ्च सन्धियुक्तो जटा पाठः......24
55. अंकीय क्रम के आधार पर विकृति पाठो में पद का स्थान......25
संहिता पाठ......25
सक्रम पद पाठ......25
व्युत्क्रम पद पाठ......25
सक्रम क्रम पाठ......25
व्युत्क्रम क्रम पाठ......25

जटा पाठ (पद क्रम) 25
घन पाठ पद क्रम 25
पञ्च सन्धि पाठ (पद क्रम) 25
पुष्प माला पाठ (पद क्रम) 25
क्रम माला पाठ (पद क्रम) 25
शिखा पाठ (पद क्रम) 25
रेखा पाठ (पद क्रम) 25
ध्वज पाठ (पद क्रम) 26
दण्ड पाठ (पद क्रम) 26
रथ पाठ (पद क्रम) 26
56. ओ३म् अग्निमीळे पुरोहितं यज्ञस्य देवमृत्विजम्। ऋग्वेद १.१.१ 26
57. ओ३म् अयं देवाय जन्मने स्तोमो विप्रेभिरासया। ऋग्वेद १.२०.१ 26
58. ओ३म् ओषधयः सं वदन्ते सोमेन सह राज्ञा। ऋग्वेद १०.९७.२२ 27
59. ओ३म् तत्सवितुर्वरेण्यम्भर्गो देवस्य धीमहि। यजुर्वेद ३.३५ 29
60. ओ३म् नमः शम्भवाय च। यजुर्वेद १६.४१ 35
61. ओ३म् सदसि सी दैता। यजुर्वेद तैतरीय १.१.११.२ 36
62. ओ३म् नमस्ताराय नम शम्भवे च। यजुर्वेद तैतरीय ४.५.८.१ 36
63. संहिता पाठ 37
64. वेद गानम् वर्तमान साहित्य में उपलब्धता 37
65. प्रातिशाख्य 38
प्रातिशाख्यों का विषयः 39
उपलब्ध प्रातिशाख्यः 39
तैत्तिरीय प्रातिशाख्य 39
शौनकाचार्यकृत ऋग्वेद प्रातिशाख्य 39
कात्यायनाचार्य कृत वाजसनेयि प्रतिशाख्य 40
तैत्तिरीय प्रातिशाख्य 40
अथर्ववेद प्रातिशाख्य अथवा शौनकीय चतुराध्यायिका 40
66. शुद्ध वेदपाठ के कुछ नियम 41
67. पद पाठ 42
68. पद पाठ के नियम 43
सन्धिविच्छेद 43
अवग्रह का प्रयोग 43
इतिकरण 44
इतिकरण के साथ पद का पुनरावर्तन 44
स्वर परिवर्तन 45
स्वर परिवर्तन के सामान्य नियम 45

69. पद पाठ के नियम पण्डित युधिष्ठर मीमांसक रचित वैदिक स्वर मीमांसा अंश......46
वेदमन्त्र के संहिता पाठ को पदपाठ......46
पद पाठ में व्यवहार्य संज्ञाएँ......47
प्रगृह्य संज्ञा-निम्न पदों की प्रगृह्य संज्ञा होती है। 47
70. संहितापाठ से पदपाठ 48
पद सम्बन्धी सामान्य नियम इस प्रकार है। 48
पदस्वर सम्बन्धी नियम संहितापाठ मे वर्तमान स्वरों को पदपाठ में इस प्रकार परिवर्तित करना चाहिए।......48
प्रगृह्य सम्बन्धी नियम प्रगृह्य संज्ञक पदों को पदपाठ में निम्न नियमों के अनुसार दिखाना चाहिए।......49
रिफित सम्बन्धी नियम 49
अवग्रह सम्बन्धी नियम......50
उपसंहार......52
71. वैदिक वर्ण और स्वर......52
वैदिक वर्ण और स्वर......52
स्वर......52
उदात्त 53
अनुदात्त......53
स्वरित 53
प्रचय......55
निघात 56
72. वैदिक स्वर प्रक्रिया 56
संज्ञा शब्दों में उदात्त......57
समासिक पदों में उदात्त......57
वाक्य में उदात्त 57
उपसर्गों में उदात्त......58
पद में दो उदात्त......58
सर्वानुदात्त या उदात्त रहित पद......58
उदात्त 58
73. सामवेद एक परिचय......58
सामवेद में मन्त्रों की संख्या......59
सामवेद की कौथुमीय शाखा उत्तरार्चिक......59
सामवेद का वाङ्मय 59
सामगान के प्रकार (स्थान की दृष्टि से) 59
सामवेद के अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु। 59
सामवेद का प्रथम मन्त्र निम्न है।......60
सामवेद स्वर परिचय 60
ऋक्-साम के सम्बन्ध की मीमांसा......60

सामवेद में छन्द 61

सामविकार 62

क्रम से सामविकारों को समझते हैं। 62

सामवेद में सामगान के मन्त्रो के भाग 63

सामवेद सामगान में मन्त्र के भाग 63

सामगान 63

सामगान की स्वरलिपि 63

74. वेदमन्त्र का भाष्य महर्षि दयानन्द 64

75. शिक्षा 64

76. शिक्षा ग्रन्थ में इन छः अंगों का विवेचन किया जाता है। 64

77. शिक्षा में तीन प्रकार की रचनाएँ। 65

78. सम्प्रति उपलब्ध प्रातिशाख्य-ग्रन्थः- 65

79. शिक्षा-ग्रन्थ 65

शिक्षा-ग्रन्थों के विषय 65

80. वैदिक वाङ्मय सामवेद एक परिचय 66

सामवेद शाखाएं 69

81. यजुर्वेद एक संक्षिप्त परिचय 69

अग्निचयन 70

राष्ट्रोत्थान हेतु प्रार्थना 70

संप्रदाय 70

शाखाएँ 70

शुक्लयजुर्वेदः 71

शुक्लयजुर्वेद की विषयवस्तु 71

कृष्णायजुर्वेद 72

तैत्तिरीय-संहिता 72

इसके काण्डों के अनुसार वर्ण्य-विषयः 72

मैत्रायणी संहिता 73

काठक संहिता 73

कपिष्ठल (कठ) संहिता 73

अश्वमेधादि याग 74

82. वैदिक वाङ्मय ऋग्वेद एक परिचय 74

ऋग्वेद की शाखा 74

ऋग्वेद के ब्राह्मण 74

83. सामवेद ऋग्वेद 78

84. ऋग्वेद खिल सूक्त 79

खिला का अर्थ (खिल) 79

प्रसिद्ध खिला सूक्त....................79
85. यजुर्वेद का सामान्य परिचय....................80
अन्य नाम....................83

1. तैतरीयोपनिषद २.१

शीक्षां व्याख्यास्यामः । वर्णः स्वरः । मात्रा बलम् । साम सन्तानः । इत्युक्तः शीक्षाध्यायः ॥

भाषार्थः नारायण स्वामी

(शिक्षां व्याख्यास्यामः) अब शिक्षा की व्याख्या करेंगे । (वर्णः) अकारादि अक्षर स्वरः उदात्त, अनुदात्तादि स्वर मात्राः ह्रस्वादि मात्राएं बलम् आभ्यन्तर और बाह्य प्रयन्त साम मधुरता से शब्दों का उच्चारण सन्तानः सन्धि - अक्षरों का मेल । इति इस प्रकार शिक्षाध्यायः शिक्षा - अध्याय उक्तः कहा गया ।।१।। शिक्षा पंच शिक्षा और उसके बाद ५ वाक्य और इस उपनिषद्वाक्य में हैं॥

2. वेद गानम् एक परिचय

जब कोई विशेष यज्ञ या संस्कार करना हो तो पवित्रीकरण आचमन स्वस्तिवाचनम् व शान्ति प्रकरणं भी कर लेना चाहिए और उसके उपरांत पूर्णाहुति से पहले तक का दैनिक यज्ञ पहले करना चाहिए। फिर संस्कार का प्रधान यज्ञ कर, गायत्री मंत्रों से आहुति दे कर पूर्णाहुति करनी चाहिए। सभी क्रियाएं मन्त्र उच्चारण करने के उपरान्त करते है। मन्त्र के माध्यम से किया जाने वाला क्रिया कलाप व विचार यज्ञ पर केन्द्रित होनें चाहियें। ब्रह्म यज्ञ करते समय दृष्टि नासिका के अग्र भाग पर व देव अर्थात साकल्य यज्ञ करते समय दृष्टि अग्नि की धाराओं पर होनी चाहिए। वेद मन्त्रों का त्रुटि रहित पाठ करने के लिए वेद मन्त्र उच्चारण पुस्तिका अवश्य पढ़ें। क्रिया करते समय भावना भाषार्थ अनुकूल पवित्र रखें। परमात्मा जिस भाषा में मानव के कर्म अन्तःकरण में लेखनीबद्ध करता है। उन्हें चित्त की वृत्तियां कहते हैं। और वह अन्तःकरणी भावना के रूप में उपजती रहती हैं।

वेद गान के भिन्न भिन्न प्रकार हैं। पंडित दामोदर सातवेलेकर जी के सोलहवें वेद व्याख्यान को प्रमाणित मान करके विभिन्न पाठों का निर्माण करने का यह एक प्रयत्न है उन्होने अपने सोलहवें वेद व्याख्यान में संहिता पाठ, पद पाठ सक्रम, पद पाठ व्युत्क्रम, क्रम पाठ सक्रम, क्रम पाठ व्युत्क्रम, पञ् च संधि पाठ, जटा पाठ, शिखा पाठ, क्रम पाठ, पंच सन्धि क्रम पाठ, पञ् च संधि जटा पाठ, पुष्प माला पाठ, क्रम माला पाठ, रेखा पाठ, सर्वस्यय मन्त्रस्य रेखा पाठ, दण्ड, ध्वज, रथ पाठ, द्वि चक्री पाठ, त्रि चक्री पाठ, चतुष चक्री रथ पाठ। कहीं कहीं पर अनुस्वार के परिवर्तन को उसके शब्द न् म् ण् ञ् ङ् रूप में ही दर्शाया गया है। यजुर्वेद में अधिकतर परसवर्ण सन्धिः का प्रयोग होता है किसी अक्षर के अंतिम शब्द को अनुस्वार में परिवर्तित न करके उसके नासिक्य न् म् ण् ञ् ङ् रूप में लिपिबद्ध किया जाता है। ऋग्वेद में अनुस्वार को दोनों प्रकार से लिपिबद्ध किया जाता है। सामवेद के मन्त्रों पर जो ◌१◌२◌३ आदि संख्या डली हुई है, ये अंङ्क क्रमशः संख्याएँ उदात्त, स्वरित और अनुदात्त के चिह्न हैं। ऋग्वेद आदि अन्य वेदों में अनुदात्त का चिह्न नीचे रेखा से उसके लिए सामवेद में अंक ◌१ ऋग्वेद आदि अन्य वेदों में स्वरित का चिह्न। रेखा से सामवेद में अंक ◌२ ऋग्वेद आदि अन्य वेदों में उदात्त पर कोई चिह्न नही होता वह सामवेद में ◌३ दिखाया जाता है।

मेरे पूज्यपाद गुरुदेव जब वेदमन्त्रों का गान गाते थे तो एक पंक्ति में सिंहराज, एक पंक्ति में मृगराज, एक पंक्ति में सृपराज एक पंक्ति में नाना पशु पक्षी और एक पंक्ति में शिष्यगण विद्यमान हो करके उस गान को श्रवण करते थे।

पूज्यपाद गुरुदेव ने वेदों के विषय में इतना उच्चारण किया है कि जिसे सहस्रों पृष्ठों में लिपिबद्ध करना भी कठिन है। पूज्यपाद गुरुदेव वेद पाठ करते समय संस्कृत व देवनागरी भाषा में प्रवचन करते समय शब्दों को इतनी उत्तमता से उच्चारण करते हैं कि जिसको शब्दों में व्यक्त नही किया जा सकता। उनकी उच्चारण ध्वनि में आप शब्द के अन्तर्गत प्रत्येक अक्षर को जैसे स्वर, स्वर सहित व्यञ्जन, स्वर रहित व्यञ्जन, अनुस्वार व वैदिक ध्वनि उच्चारण चिह्न इत्यादि को पृथक पृथक अनुभव कर सकते हैं। दो शब्दों के मध्य में अंतराल को भी आप भिन्न भिन्न अनुभव कर सकते हैं।

जैसे ज्ञ देवनागरी वर्णमाला में 'ज्' और 'ञ' के योग से इसी तरह क्ष 'क्' व 'ष' बना हुए अक्षर है।

वेद पाठ करते समय अंतराल को अवश्य ध्यान रखें। जैसे इदन्न मम्, ही बोलें इदन्नमम् सही उच्चारण नही है। मन्त्र उच्चारण

करते समय शब्द ध्वनि, उनके अन्तराल व स्वरों का बोध उन श्रोताओं व स्वयं को अवश्य ही होना चाहिए जो ध्यान पूर्वक श्रवण कर रहें हैं। प्रत्येक मन्त्र के आरम्भ में ओ३म् रुपी सूत्र अवश्य ही उच्चारण करें।

वेद का उच्चारण, वाचन, पठन पाठन व गान गाने वालों को संस्कृत की वर्णमाला, जो कि स्वर, व्यञ्जन, अनुस्वार व वैदिक ध्वनि उच्चारण चिह्न मिलकर बनी है, वेद पाठ के लिये सही उच्चारण का ज्ञान अवश्य ही होना चाहिए।

वेद गायन ध्वनि व समय अन्तराल की दृष्टि से

ह्रस्व अल्पकालीन स्वर है। इसका उच्चारण एक मात्रिक होता है अर्थात जितने समय में हाथ की कलाई की नाड़ी एक बार धड़कती है उतने समय में इसका उच्चारण करना चाहिए। दीर्घ लिंबे समय तक का उच्चारण द्विमात्रिक होता है अर्थात जितने समय में कलाई की नाड़ी दो बार धड़कती है उतने समय में इसका उच्चारण करना चाहिए। प्लुत अधिक लिंबे समय तक इसका उच्चारण त्रिमात्रिक होता है अर्थात जितने समय में हाथ की कलाई की नाड़ी तीन बार धड़कती है उतने समय तक उच्चारण करना चाहिए। जैसे ओ३म्। जो शब्द जैसे लिखा हो उसे वैसा ही बोलें।

वेद पाठ की गायन शैली की परम्परागत वैदिक विद्यालयों में धैर्य और कठिन परिश्रम के साथ विद्या प्राप्त की जा सकती है।

वेद गान के भिन्न भिन्न प्रकार हैं। पंडित दामोदर सातवेलेकर जी के सोलहवें वेद व्याख्यान को प्रमाणित मान करके विभिन्न पाठों का निर्माण करने का यह एक प्रयत्न है। जिसमें उन्होंने पच्चीस प्रकार के पाठों का वर्णन किया है जैसे संहिता पाठ, उदात्त अनुदात्त पाठ, सक्रम पद पाठ, व्युत्क्रम पद पाठ, क्रम पाठ, जटा पाठ, घन पाठ, शिखा पाठ, पञ्च सन्धि पाठ, माला पाठ, क्रम माला पाठ, ध्वज पाठ, दण्ड पाठ, रेखा पाठ, द्वि चक्री रथ पाठ इत्यादि।

सामवेद में आरण्यं गानम्, ग्राम गानम्, उह गान व उह्य गान भी गाया जाता है।

कृष्णादत्त जी शृङ्गी ऋषि महाराज द्वारा कुछ अन्य पाठ भी वर्णित किए गए हैं। कृतिकि पाठ, विसर्ग पाठ, मधु पाठ, उदात्त अनुदात्त, माला पाठ। मल्हार गान व दीपमालिका गान आदि के गायन करने वाले अभी समाज के स्तर पर प्राप्त नहीं होते क्योंकि यह विद्या प्राणों के परस्पर मिलान करने से ही सिद्ध होती है। जो कि हिमालय की कन्दराओं में आदि ऋषियों से प्राप्त की जा सकती हैं।

वेदों में स्वरों और छंदो, स्वर और व्यञ्जन सहित गायन की विद्या की मेरी जानकारी वैदिक छात्रों की दृष्टि में ही अभी प्रारम्भिक अवस्था में है यह लेख एक साधारण मानव के लिए सुलभ इस सूक्ष्म विषय की तकनीकी चर्चा करने के लिए बनाया जा रहा है।

पदों को संधि सहित या संधि रहित करने के उपरान्त पूर्ववर्ती शब्द के अन्तिम अंश के व परवर्ती शब्द के प्रथम अंश में शब्दों के स्थान परिवर्तन के कारण वैदिक व्याकरण की दृष्टि से उनमें परिवर्तन हो जाता है। वेद पाठ के अनुसार यह परिवर्तन अनुदात्त, उदात्त और स्वरित चिह्नों में भी आता है। इसे अच्छी तरह से समझ लेना चाहिए।

महर्षि पाणिनी और महर्षि पतंजलि ने अपने महाभाष्य में इनके मुख्य मुख्य नियमों का समावेश किया है। इन्होने इस पूर्ण समुद्र रुपी विज्ञान को जाना है।

आप अक्षर स्तर पर आये परिवर्तन को तो अभ्यस्त से स्वयं भी कर सकते हैं लेकिन स्वरों में आए परिवर्तन को आपको विद्यालय में आचार्यों से सीखना पड़ेगा।

वेद अक्षर अशुद्ध होने पर त्रुटि

पुरातन काल में जब ऋषि मुनि एकान्त स्थलियों में विद्यमान होते, एक समय बेटा! मुझे स्मरण है, एक समय हम देखो, अपने आचार्य के समीप विद्यमान हो करके वेदमन्त्रों का उद्गीत गा रहे थे, वेद का अध्ययन कर रहे थे, जब वेद का मन्त्र अक्षर से अशुद्ध हो गया, तो आचार्य ने कहा नही पुत्र! अमृतां ब्रह्मे भूः भुवः कहो। मानो देखो, यदि यजूंषि का पठन पाठन कर रहे हो, तो ओ३म् भूः कहना चाहिए तीन श्वासों के द्वारा तो वह जो उसमें वेदमन्त्र में अशुद्धि हो गई है, उसमें मानो

देखो, एक प्रहात हो गया है मानो देखो, उसका शुद्धिकरण हो करके, एकोकीरण हो जाता है और यदि तुम्हें मानो देखो, यदि अमृतं देखो, ऋग में इस प्रकार की अशुद्धि आ जाएं, तो ओ३म् भुवः ऐसा उच्चारण करना चाहिए और साम गान में यदि अशुद्धि आ जाएं तो ओ३म् स्वः कह करके, हूत करना चाहिए। मेरे प्यारे! देखो, तीन तीन श्वासों के द्वारा, एक एक श्वास में मानो देखो, वह तीन सत में उद्गीत गाना चाहिए। तो मुनिवरों! देखो, वेदमन्त्रों की अशुद्धियों की पूर्ति हो जाती है। देखो, यदि अमृतां देव अमृता बेटा! वह पूर्ति नही हो पाती। तो विचार आता रहता है मैं सम्बन्ध में व्याकरण की पद्धति में नही ले जा रहा हूँ यह तो पठन पाठन की पद्धतियां हैं, विचार केवल यह कि गीत गाना चाहता हूँ। मुनिवरों! देखो, यदि कोई भी साधन न हो तो ओ३म् स्वः, ओ३म् मह, ओ३म् जनः, ओ३म् तपः उच्चारण करते हुए पुनः आहुति देनी चाहिए जिससे हमारी वाणी देखो, शब्द अन्तरिक्ष, मानो देखो, हमारा सब उसमें शुद्धिकरण हो जाएं।

3. श्रीपाद दामोदर सातवेलेकर जी सोलहवें वेद व्याख्यान पर आधारित

वेद की रक्षा की रक्षा का प्रश्न आज भी हमारे सामने है। पर आज केवल वेद के अक्षरों की सुरक्षा उतनी कठिन नहीं है, जितनी प्राचीनकाल में कठिन थी। आज एक बार अच्छा और शुद्ध कंपोज तैयार करके उसके स्टीरियो ब्लॉक्स बनवाये, अथवा उसी कंपोज से इलक्ट्रो के ब्लॉक्स बनवाये, किंवा छपने के पुस्तक के पन्नों से फोटोग्राफी की सहायता से 'ब्लाक' बनवाये, तो अक्षर ह्रस्व दीर्घ प्लुत उदात्तादि स्वर व्यंजन मात्रा, पद आदि की उत्तम सुरक्षा हो सकती है। आज जो युक्तियां हमारे पास हैं, उनके द्वारा यह सब हमारे लिये आसान है। सम्पूर्ण ऋग्वेद के ऐसे ब्लाक ५०,०००) रु० के व्यय से बन सकते हैं और शेष तीनों वेदों के ब्लाक भी इतने ही व्यय से हो सकते हैं। भाज इतना व्यय कोई नहीं करता है, यह वैदिक धर्मियों की उदासीनता का दोष है। पर चारों वेदोंकी रक्षाके लिये एक लाख रु. का व्यय करना कोई बड़ी भारी बात नहीं है।

स्वध्याय मण्डल ने शुद्ध वेद छापे हैं, और पृष्ठों के फोटो लेकर ब्लाक करवाने की मनीषा रखी है। हमारे पास इस कार्य के लिये ३०,०००) की रकम आ भी गयी है, पर यह अपूर्ण है इसलिये यह कार्य नहीं हो सका। इस विषय में कई लोग यह पूछते हैं कि, ब्लाकों में अशुद्धि रही, तो फिर क्या किया जायगा? इसका सरल उत्तर यह है कि, प्रथम पुस्तक शुद्ध होने पर ब्लाकों में अशुद्धि नहीं होगी। परन्तु मनुष्य की आंख हैं, यदि प्रयत्न करने पर भी ऋग्वेद के हजार ब्लाकों में से ४० ५० ब्लाकों में कुछ अशुद्धि प्रतीत हुई, तो उन ४० ५० ब्लाकों को तोडकर, नये शुद्ध ब्लाक बनवाये जा सकते हैं। यह कोई ऐसी बात नहीं कि, जो न होने वाली है और वेद जैसे जगद्वन्ध धर्म पुस्तक की सुरक्षा के लिये ऐसा ही उपाय करना चाहिये। जो आज सहज ही से हो सकता है कोई करे या न करे, यह समझने न समझने की बात है। ऐसी सुविधा प्राचीन काल में नहीं थी। आज दूसरी भी एक सुविधा है, वह यह कि शुद्ध कंपोज करके उस पर हजारों ग्रन्थ जैसे आज छापे जा सकते हैं, वैसी बात प्राचीन समय में नहीं थी। एक एक ग्रन्थ हाथ से लिखने में तथा उसे शुद्ध करने में जो कष्ट होते थे, वे कल्पना से भी आज नहीं जाने जा सकते। ऐसे संकटों के समय में प्राचीन ऋषि मुनियों ने वेद की सुरक्षा की, यह कार्य उन्होंने कितने परिश्रमों से किया होगा, यह बात हर एक वैदिक धर्मी मनुष्य को आज भी जानने योग्य है। इस विषय में वेद की सुरक्षाके लिये प्राचीन ऋषियों ने कैसे यरन किये थे, इस विषय में प्राचीन पुस्तकों में कुछ वचन मिले हैं, वे इस लेख द्वारा पाठकों के सन्मुख रखने हैं। इससे पाठकों को स्पष्ट रीति से पता लग जायगा कि, वेद रक्षा के लिये कितना प्रयत्न किया जाता था और वेद के अक्षरों की सुरक्षा कितनी मेहनत से ऋषियोंने की थी। देखिये

भगवान् संहितां प्राह, पदपाठं तु रावणः। बाभ्रव्यर्षिः क्रमं प्राह, जटां व्याडीरवोचत ॥१॥

मालापाठं वसिष्ठश्च, शिखापाठं भृगुर्व्याधात्। अष्टावक्रोऽकरोद्रेखां, विश्वामित्रोऽपठद् ध्वजम्।

दण्डं पराशरोऽवोचत्, कश्यपो रथमब्रवीत्। घनमत्रिर्मुनिः प्राह, विकृतीनामयं क्रमः ॥३॥

मधुशिक्षायां मधुसूदनमुनिः

"भगवान् ने वेदों की संहिता कही, रावण ने पद पाठ किया, बाभ्रव्य ऋषि ने क्रम पाठ का प्रचार किया, (१) जटा पाठ न्याडी ने शुरू किया, (२) वसिष्ठ ऋषि ने मालापाठ किया, (३) भगु ऋषि ने शिखा पाठ शुरू (४) अष्टावक्र ऋषिने रेखापाठ

की पद्धति शुरू की, (५) विश्वामित्र ऋषि ने ध्वज पाठ शुरू किया, (६) पराशर ऋषि ने दण्ड पाठ किया, (७) कश्यप ऋषि ने रथपाठ की प्रणाली शुरू की, (८) भत्रि मुनि ने घन पाठ शुरू किया। इस तरह संहिता, पद और कम के आश्रय से इन पाठ विकृतियोंके पाठोंकी प्रणाली इन आठ ऋषियी ने शुरू की। यह सब करने का कारण यही था कि, ऐसे पाठ होने से और पदों के आगे पीछे पठन होने से एक भी अक्षर आगे पीछे नहीं किया जा सकता। यदि अक्षरों का हेर फेर हो जाय, पद आगे पीछ बन जायगे, तो किसी न किसी समय इन विकृतियों के पाठों में वह हेर फेर करने वाला पकड़ा ही जायगा और उसकी निन्दा सब वेदपाठियों में हो जायगी। इस तरह वेद पाठकी रक्षाका यत्न इतने यत्नसे इन ऋषियों ने किया था।

4. संहिता पाठ की पद्धति।

संहिता पाठकी पद्धति भी एक विशेष पद्धति है, जो इस समय महाराष्ट्र में ही उत्तम रीति से प्रचलित है। यद्यपि यह लुप्तप्रायसी हो रही है, तथापि महाराष्ट्र में इस समय में भी दशग्रन्थी बनपाठी विद्वान् सौ डेढ सौ मिल सकते हैं। इतने विद्वान् अन्य प्रान्तोंमें नहीं हैं। ऋग्वेदको आमूलाग्र महाराष्ट्र के लिये भूषण है। पर यह भूषण आगेके ५० वर्षों में रहेगा, ऐसी भाशा हमें नहीं है।

5. मंत्र का व्युत्क्रम आर सरल पाठ।

संहिता पाठ में दो प्रकारका पाठ किया जाता है। एक सरल मंत्रों को कण्ठ करना और सरल क्रम से पढना। यह तो सरल है और ऐसा मरल पाठ करने वाले बहुत मिलते भी है। परन्तु इसमें मंत्रों का व्युत्क्रम करनेवाले बहुतही थोडे होते हैं। यह कार्य बड़ा कठिन है और मंत्रों की अच्छी उपस्थिति के बिना तथा विशेष स्मरण शक्ति के बिना यह व्युत्क्रम, पाठ नहीं हो सकता।

मंत्रों का सरल क्रमशः पाठ करने को 'संहितापाठ' कहते हैं, और मनो को विरुद्ध क्रम से बोलने को 'संहिता का किया, व्युत्क्रम पाठ' कहते हैं। जैसा ऋग्वेद के प्रथम सूक्तमें ९ मंत्र हैं, उनको १, २, ३, ४, ५, ६, ७,८,९ ऐसे कम से पाठ करने का नाम 'संहितापाठ' है और ९, ६, ७, ६, ५, ४, ३, २, १ ऐसे उलटे क्रम से पाठ करने का नाम 'संहिता का व्युत्क्रमपाठ' है। यह व्युत्क्रम पाठ बहुत ही अद्वितीय स्मरणशक्ति वाले ही कर सकते हैं। हर एक से यह कार्य नहीं हो सकता। एक सूक्त के मंत्र भी उलटे क्रम से बोलना सहज नहीं हैं, फिर अनुवाक्, अध्याय, मण्डल आदि के मंत्रों को उलटे क्रम से बोलना कितना कठिन होगा, इसका विचार विद्वान लोक ही कर सकते हैं। परन्तु हमने ऐसे व्युत्क्रम पाठी विद्वान देखे हैं और ऋग्वेद का मुद्रण जिस अद्वितीय विद्वान के अधिष्ठातृत्व में हो रहा है, वे वेदमूर्ति सखारामभटजी ऐसे ही उत्तम वेद के व्युत्क्रम पाठी विद्वान् हैं। सूक्त के सूक्त जैसे सरल क्रम से वे बोलते हैं, वैसे ही उलटे क्रम से भी विना प्रमाद किये बोलते है!!!

6. अर्धर्चपाठः।

पाठ में और एक पद्धति है, आधा मंत्र एक बोले और अगला आधा मंत्र दूसरा बोले। ऐसा करने के समय पहिले का आधा मंत्र समाप्त होने के पूर्व ही दूसरे को अगले आधे मंत्र का प्रारम्भ करना होता है। इस तरह का पाठ करने के लिये आधे मंत्र एक एक छोडकर स्मरण में रखने कण्ठ करने वाले इस समय महाराष्ट्रीय ही हैं। यह एक पड़ते हैं। बिना ऐसा स्मरण रहे, अगला चरण स्मरण नहीं हो सकता।

इस तरह संहिता पाठ में क्रम और व्युत्क्रम तथा अर्धर्च। पाठ ये तीन प्रकार के पाठ भाज भी महाराष्ट्र में प्रचलित हैं। पद पाठ की पद्धति। मंत्रों का पदपाठ है, यह सब जानते हैं, परन्तु मंत्रपाठ और पद पाठ में थोडा हेर फेर भी है। जो 'पदसमूह' एक बार किसी पूर्व मंत्र में आया होता है, वह पद समूह फिर पद पाठ में नहीं बोला जाता। इसको 'गलित पदसमूह' कहते हैं। जिस समय वेद का पद पाठ बोला जाता है, उस समय इन दुवारा आये गलित पद समूहों को बोलते नहीं हैं।

7. पदों को चर्चा

इस नियम को बडी सावधानी से स्मरण रखना पड़ता है। संहिता तो सब मंत्रों की यथा क्रम बोली जाती है, परन्तु पद पाठ

में द्विरावृत्त अर्थात् दुबारा आया पद समूह बोला नहीं जाता। इससे एक लाभ यह होता है कि दुबारा, तिबारा कौन से पद कहां आये हैं, वे संपूर्ण संहिता में कितनी बार आ गये हैं, इसका स्मरण इस परिपाटी से सहज ही से होता है। इसलिये जो पदपाठी विद्वान होते हैं, उनको पुनरुक्त मंत्र भागों का पता उत्तम रीति से रहता है। पद पाठ में दूसरी एक विशेषता है। संहिता पाठ के, क्रम से, पद पाठ का क्रम, क्वचित् स्थान पर विभिन्न होता है, वहां कुछ व्युत्क्रमसा होता है, जैसे

8. पद पाठ की भिन्नता।

संहिता पाठ	पद पाठ	क्रमांक
इन्द्रावरुण वामहं इन्द्रावरुणा।	इन्द्रावरुणा। वां। अहं।	ऋग्वेद १.१७.७
न्याविध्यत्।	नि। अविध्यत्।	ऋग्वेद १.३३.१२
न्यावृणक्।	नि। अवृणक्।	ऋग्वेद १.१०१.२
अगादारैगु अगात्।	अरैक्। उँ इति।	ऋग्वेद १.११३.२
अभ्यादेवं।	अभि। अदेवं।	ऋग्वेद २.२२.४
आसता सचन्तां।	असता। सचन्तां।	ऋग्वेद ४.५.१४
शुनश्चित् शेपं।	शुनःशेपं। चित्।	ऋग्वेद ५.२.७
स्वधितीव।	स्वधितिः। इव।	ऋग्वेद ५.७.८
वरुणेळासु।	वरुण। इळासु।	ऋग्वेद ५.६२.५
वरुणेळासु।	वरुणा। इळासु।	ऋग्वेद ५.६२.६
इत्था देव।	इत्था। देवा।	ऋग्वेद ५.६७.१
धिष्णयेमे।	धिष्णये इति। इमे इति।	ऋग्वेद ७.७२.३
अश्वेषितं।	अश्वऽइषितं।	ऋग्वेद ८.४६.२८
रजेषितं।	रजःऽइषितं।	ऋग्वेद ८.४६.२८
शुनेषितं।	शुनाऽइषित।	ऋग्वेद ८.४६.२८
नकिरादेव।	नकिः। अदेवः।	ऋग्वेद ८.५९.२
षड्भूम्या ददे।	सत्। भूमिः। आ। ददे।	ऋग्वेद ६.६१.१०
बृहस्पते रवथेन।	बृहस्पतेः। रवथेन।	ऋग्वेद ९.८०.१
नरा च शंसं।	नराशंसं। च।	ऋग्वेद ९.८६.८२
नरा वा शंस।	नराशंसं। वा।	ऋग्वेद १०.६४.३
चित्कंभनेन।	चित्। स्कंभनेन।	ऋग्वेद १०.६४.३

इस तरह वेदों में क्वचित् संहिता पाठ से पद पाठ भिन्न है, केवल व्याकरण से ही यह पद पाठ सिद्ध नहीं हो सकता। जो पाठक व्याकरण के नियम जानते होंगे, उनको कहने की आवश्यकता नहीं है कि, किस तरह यह पदपाठ भिन्न है। इसीलिये वैदिकों को संहिता पाठ के समान ही पदपाठ भी कण्ठ ही करना होता है। और वेदपाठी संहिता पाठ के समान पद पाठ

को भी कण्ठ ही कर देते हैं।

9. पदों की तीसरी विशेषता

पद पाठ की दो विशेषताएं पूर्वस्थान में बतायी है। (१) एक तो उस पद पाठ में कुछ पद नहीं रहते, जो द्विबार आते हैं, और (२) पदपाठ भिन्न भी होता है। (३) तीसरी विशेषता यह है कि संहिता पाठ से पद पाठ के स्वर भिन्न होते हैं। पद होते ही स्वर भेद होता है। इसलिये पद पाठ को उतने ही प्रयत्न से कण्ठ करना पड़ता है कि, जितने यत्न से संहिता को कण्ठ किया जाता है।

10.पदों की चर्चा

पद पाठ कण्ठ होने के पश्चात् जैसी संहिता की चर्चा होती है, वैसी ही पद पाठ भी चर्चा होती है। चर्चा का अर्थ है मुखसे बोलना। मन्त्रकी चर्चा दो प्रकार की पूर्व स्थान में कही है। आमने सामने चर्चा करने वाले बैठते हैं, और एक संघ वाले एक मन्त्र बोलते हैं और दूसरे सामने वाले दूसरा बोलते हैं। अथवा आधा मन्त्र एक संघ के लोग बोलते हैं, और द्वितीयार्ध को दूसरे संघवाले बोलते हैं। इस तरह अध्यायों के अध्याय बिना प्रमाद किये बोलते हैं। इसमें इस बातकी कठिनता होती है कि, पहिले संघ का वाक्य समाप्त होने के पूर्व ही दूसरे संघ का प्रारम्भ होना चाहिये। आगे के मन्त्र का अथवा मन्त्रार्ध का प्रारम्भ करने योग्य मंत्रों का स्मरण रहना ही पाठ शक्ति की विशेषता है।

इसी तरह पदों की चर्चा होती है। एक संघवाले एक पद बोलेंगे और दूसरा संघ दूसरा अगला पद बोलेंगे, परन्तु पहिलेका समाप्त होने से पहिले ही दूसरे को अपना पद बोलना चाहिये। इसके लिये एक पद छोड़कर दूसरा बोलने का अभ्यास का होना चाहिये। तब इस चर्चा में सफलता मिलती है। चर्चा कैसी बोली जाती है, यह देखिये

वेद पाठी विद्वानों का एक संघ	वेद पाठी विद्वानों का दूसरा संघ
तत् १	२ सवितः
वरेण्यं ३	४ भर्गः
देवस्य ५	६ धीमहि
धियः ७	८ यः
नः ९	१० प्रचोदयात्

इससे पता चल सकता है कि, इस चर्चा पठन पद्धति में हर एक को एक एक पद छोडकर अगला पद बोलने की स्मरण शक्ति रहनी चाहिये। हमने ऐसे वेद राठी देखे हैं कि जो संपूर्ण संहिता का पद पाठ बीच के एक एक पद को त्याग कर विना प्रमाद किये बोलते जाते हैं !! और ऐसे पदपाठी विद्वान् महाराष्ट्र में इस समय है। स्मरण रहे कि विशेष प्रयत्न के विना और विशेष आयास करने के विना यह पद पाठ इस तरह कण्ठ होना कठिन है।

11.व्युत्क्रम पद पाठ।

पद पाठ को भी व्युत्क्रम से अर्थात् उलटे क्रमसे बोलने वाले होते हैं। हमारे स्वाध्याय मण्डल के वे० मू० सखा राम भट्ट जी ऐसा उलटे क्रम से पद पाठ बोलते हैं। सम्पूर्ण ऋग्वेद का पद पाठ अन्त से आदि तक कहने वाला हमने और एक और वेद पाठी विद्वान देखा था। वह चाहे संहिता के अन्त से चाहे किसी मण्डल के अन्त से चाहे किसी सूक्त के अन्त से मन्त्र तथा पद पाठ बिना प्रमाद किये बोलता था। इस समय वह गुजर चुका है। हमारे ही पितृ व्यकुल का वह वेद पाठी था। इसको छोड़कर तथा हमारे वेद मूर्ति सखा राम भट्ट जी को छोड़ कर ऐसा व्युत्क्रम पद पाठी हमने दूसरा नही देखा। बहुधा ऐसा वेद पाठी मिलना असम्भव ही है, क्योंकि विशेष स्मरण शक्ति न होने से यह होना सर्वथा असंभव है।

12.गायत्री मन्त्र का सीधा पद पाठ यह है।

तत्। सवितुः। वरेण्यं। भर्गः। देवस्य। धीमहि। धियः। यः। नः। प्रचोदयात्। प्रचोदयादिति प्र चोदयात्॥

13.इसी वेदमन्त्र का व्युत्क्रम पद पाठ यह है।

प्रचोदयात्। नः। यः। धियः। धीमहि। देवस्य। भर्गः। वरेण्यं। सवितुः। तत्॥

गायत्री मन्त्र तो हर कोई जानता है, पर उसका उलटा पद पाठ बोलना कितना कठिन है, यह पाठक ही स्वयं देख सकते हैं। यदि एक मन्त्र का उलटा पद पाठ बोलना कठिन है, तब तो सूक्तों का उलटा पद पाठ बोलना तो इससे शत गुणा कठिन है, यह हर कोई जान सकता है और एक पद छोड़कर बोलते जाना तो उससे भी कठिन है। पर ऐसे विद्वान आज भी मिलते हैं व्युत्क्रम पाठी मिलना ही दुष्कर हुआ है, सरल पाठी तो इस समय भी हैं।

इस समय तक जो विभिन्न पाठ बताये, उनको फिर दुहराते हैं।

14.मन्त्र पाठ

अग्ने नय सुपथा राये अस्मान् विश्वानि देव वयुनानि विद्वान।

15.पद पाठ

अग्ने। नय। सुपथा। राये। अस्मान्। विश्वानि। देव। वयुनानि। विद्वान।

16.व्युत्क्रम पाठ

विद्वान। वयुनानि। देव। विश्वानि। अस्मान्। राये। सुपथा। नय। अग्ने।

17.मण्डूकप्लुत पद पाठ

अग्ने। ....। सुपथा।......।अस्मान्।......।

......। नय।.....। राये।.....। विश्वानि।

देव।.................। विद्वान।.....।

।......। वयुनानि।...............॥

यह पाठ पदों की चर्चा बोलने के समय बोला जाता है जो पूर्व स्थल में बताया जा चुका है। इस चर्चा में एक एक पद का त्याग करके अगला पद बोला जाता है। यह इतना जल्दी बोलते हैं कि उसका वर्णन ही नही हो सकता। एक संघ १,३,५,७,९ ये पद बोलेंगें और दूसरा संघ २,४,६,८ ये पद बोलेंगें। बीच गलित या पुनरुक्त पद छोड़ने होते हैं, सामासिक पद तोड़कर बोले जाते हैं जैसा रत्नधातमं इति रत्न धा तमं पुरोहितं इति पुरःऽहितं इ.।

इसी तरह सब पद बोलते हैं और इतनी जल्दी में बोलते हुए एक भी गलती नहीं होती, यह आश्चर्य है!!!

इसके नंतर क्रम पाठ, जटा पाठ, माला पाठ, शिखा पाठ, रेखा पाठ, ध्वज पाठ, दण्ड पाठ, रथ पाठ, घन पाठ, ये नौ पाठ वेदमन्त्रों के पदों के सरल उलटे क्रम से होते हैं। क्रम पाठ के ही आश्रय से आगे के ८ भेद बनते हैं। इन सब पाठों में सबसे पूर्वोक्त संहिता तथा पद पाठ होने के पश्चात यही क्रम पाठ कण्ठ होता है। यह इस तरह होता है

18.क्रम पाठ

अग्ने नय। नय सुपथा। सुपथा राये। राये अस्मान्। अस्मान विश्वानि। विश्वानि देव। देव वयुनानि। वयुनानि विद्वान। विद्वानिति विद्वान॥

अन्तिम पद इति रखकर दो बार बोला जाता है।

यही क्रम पाठ आगे के आठों विकृतियों का आधार है। यहां क्रम से दो दो पद बोले जाते हैं। उक्त स्थान क्रम पाठ और आठ विकृतियों के नाम दिये हैं। परन्तु प्रत्येक विकृति में कई भेद भी हैं।

19.पश्च संधि

उक्त विकृति बनने के लिए पश्च संधि करने की अत्यन्त आवश्यकता होती है। पश्च संधि किये बिना ठीक तरह विकृति बोलना

असम्भव है। पञ्च संधि का नमूना यह है

धियो यः। इन दो पदों के पञ्च संधि ऐसे होते हैं धियो यः। यो यः। यो धियः। धियो धियः। धियो यः।

दो पदो का परस्पर व्यवहार पांच ही प्रकार से हो सकता है। वेद के प्रत्येक दो पदों का इस तरह संधि स्मरण रखना पड़ता है। इससे वेद का पद आगे पीछे कैसा भी हुआ, तो उसका ठीक ठीक संधि कैसा होता है, यह जाना जा सकता है। इसी कारण वेद का पद आगे पीछे न होता हुआ अपने स्थान पर सुरक्षित रहता है। पाठक इस प्रयत्न को ठीक तरह समझें।

जटा पाठ में दो भेद हैं, ऐसा सरल जटा पाठ और दूसरा पञ्च संधि युक्त जटा पाठ।

माला पाठ के दो भेद होते हैं, एक क्रम माला और दूसरी पुष्प माला। इसका पाठ विधि आगे बताया है। माला के और २५ भेद कहे हैं

अवसानाद्यावसानान्तं क्रमादुत्क्रमणं पठेत्। मालाख्यां विकृतिं धीमान् संहितायाः सदा पठेत्। पञ्चविंशत्प्रभेदां हि मालाख्यां विकृतिं विदुः। पंच विंशति भेदाश्च मालायाः संभवन्ति हि॥

20.माला पाठ के २५ भेद

माला नामक वेदविकृति के २५ भेद होते हैं। जिनके नाम ये हैं।

१, पद २ पदव्युत्क्रम, ३ क्रम, ४ जटा, ५ शिखा, ६ संहितापद, ७ संहिताक्रम, ८ संहिता जटा, ९ संहिता शिखा, १० पदक्रम, ११ पद जटा, १२ पद शिखा, १३ क्रम जटा, १४ क्रम शिखा, १५ जटा शिखा, १६ संहिता पद क्रम, १७ संहिता क्रम जटा, १८ संहिता जटा शिखा, १९ संहिता पद क्रम जटा, २० पद जटा शिखा, २१ क्रम जटा शिखा, २२ संहिता पद क्रम जटा, २३ संहिता क्रम जटा शिखा, २४ संहिता पद क्रम जटा शिखा, २५ माला। माला के दो भेद हमे मालूम हैं यहां २५ भेद लिखे हैं, इसका किसी को पता नही हैं। पाठ को में से किसी को अथवा किसी अन्य विद्वान को इन भेदों का विधि मालूम हो, अथवा किसी अन्य विद्वान को इन भेदों का विधि मालूम हो, अथवा किसी के पास कोई ग्रन्थ प्राचीन लिखित हो, तो उसका पता हमें चाहिए। वल्ली नामक विकृति के इसी तरह २५ और भेद इसी लिखित ग्रन्थ में लिखे हैं। इनके नाम ग्रन्थ जीर्ण होने से हस्तगत नही हुए। इनका भी पता किसी को हो तो हम जानना चाहते हैं। रथ के विषय में निम्न लिखित पंक्तियां मिलती हैं

21.रथ पाठ के ११ भेद

वल्ल्याः क्रमः समाख्यातो जटाख्यातं पदद्वयम्। क्रमवत्क्रमणं कुर्यात व्युत्क्रमं च पदे पदे। अनुलोमं जटातन्तुं विलोमं तु पृथक् पृथक्। रथाख्यां विकृतिं ब्रूयात् रथभेद प्रकथ्यन्ते। अनुलोमं जटातन्तुं प्रपठेद्वै पृथक् पृथक्। रथाख्यां विकृतिं धीमान् विलो रथस्यैकादशभेदा भवन्ति, ते तु विलोमेनैव जायन्ते।

यहां रथ के ११ भेद कहे हैं। हमे केवल द्विचक्री रथ, त्रिचक्री रथ, चतुश्चक्री रथ, मन्त्रद्वय रथ ये चार ही भेद मालूम हैं। कदाचित् मन्त्रत्रितय रथ, मन्त्र चतुष्करथ, और ऐसे और दो भेद हो सकते हैं, क्योंकि मन्त्र द्वयरथ के अनुसन्धान से ये और दो भेद होना सम्भव है, इस तरह ये छः भेद हुए। परन्तु उक्त श्लोक ११ भेद रथ के कहे हैं। उनका किसी को पता इस समय नही हैं। सम्भव है कि प्रत्येक रथ को पञ्च सन्धि युक्त कहने से ५ या ६ भेद अधिक होते होंगें। यह एक खोज का विषय है। इस समय जो विकृति वैदिक विद्वान बोलते हैं, उनको नमूने के तौर पर यहां दिया है। पाठक उनको देखकर जान सकते हैं कि प्राचीन ऋषि मुनियों ने वेद की सुरक्षा के लिए कितना महान यत्न किया था। इसमें घन नामक जो विकृति है, उसमें द्वितीय पद से प्रत्येक पद आगे पीछे करके १३ बार बोला जाता है। सम्पूर्ण ऋग्वेद का इस तरह घन पाठ मुख से ही बोलने वाले, अर्थात हाथ में ग्रन्थ न लेते हुए बोलने वाले वैदिक विद्वान महाराष्ट्र में २० से २५ हैं। हमारे स्वाध्याय मण्डल में कार्य करने वाले श्री पण्डित वेद मूर्ति सखा राम भट्ट जी ऐसे ही घन पाठी विद्वान हैं।

कई विद्वान सम्पूर्ण वेद ऋग्वेद का घन पाठ का पारायण करते हैं, इस कार्य के लिए कई महीने आवश्यक होते हैं। यह जैसा परिश्रम का कार्य है, वैसा ही बुद्धिमत्ता का और उत्तम स्मरणशक्ति का भी कार्य है।

अस्तु प्राचीन ऋषि मुनियों ने वेद के पद पद सुरक्षित रखने के लिए इतने परिश्रम किये थे। इस समय में भी ऐसे परिश्रमी वेद वेत्ता महाराष्ट्र में हैं। किसी अन्य प्रान्त में नही हैं।

22.आज वेदों की सुरक्षा कैसी हो?

आज वेदों के ब्लाक बनवाये जायेंगे, तो वेद के अक्षरों की सुरक्षा हो सकती है। इस कार्य के लिए धन चाहिये। चारों वेदों के 2000 पृष्ठों के लिये कम से कम 100000 रुपये लगेगें। वेद की सुरक्षा के लिये कौन यह धन देता है इस चिन्ता में हम हैं।

इन आठों विकृतियों के उदाहरण इसी स्थान में अगले पृष्ठों में पाठक देख सकते हैं।

23.अष्टौ विकृतयः

परः सन्निकर्षः संहिता (अष्टाध्यायां १.४.१०९ पाणिनिः) (वर्णानामतिशयितः संनिधिः संहिता संज्ञ स्यात्)

24.संहिता मन्त्र

ओ३म् ओषधयः संवदन्तेसोमेनसहराज्ञा। यस्मैकृणोतिब्राह्मणस्तंराजन्पारयामसि॥ ऋग्वेद १०.९७.२२

25.पदच्छेदपूर्वको मन्त्र पाठः

ओ३म् ओषधयः सं वदन्ते सोमेन सह राज्ञा। यस्मै कृणोति ब्राह्मणस् तं राजन् पारयामसि॥ ऋग्वेद १०.९७.२२

26.पदसंहितालक्षणम्

27.पदविच्छेदोऽसंहितः। (प्रतिशाख्येसूत्रे कात्यायनः) सुप्तिङन्तं पदं (अष्टा.)

28.पद पाठ

ओ३म् ओषधयः। सं। वदन्ते। सोमेन। सह। राज्ञा। यस्मै। कृणोति। ब्राह्मणः। तं। राजन्। पारयामसि ॥

29.क्रम लक्षणम्

क्रमेण पद द्वयस्य पाठः। क्रम पाठो योगरूढा संहिता इत्युच्यते। क्रमः स्मृतिप्रयोजनः (प्रा. सू. ४.१८ कात्यायनः क्रम पाठ लक्षणम् शौनकेनोक्तम्।)

क्रमो द्वाभ्यामभिक्रम्य प्रत्यादायोत्तरं द्वयोः। उत्तरेणोपसंदध्यात्तथार्धर्चं समापयेत्॥

30.क्रम पाठः

ओ३म् ओषधयः सं। सं वदन्ते। वदन्ते सोमेन। सोमेन सह। सह राज्ञा। राज्ञेति राज्ञा॥ यस्मै कृणोति। कृणोति ब्राह्मणः। ब्राह्मणस्तं। तं राजन्। राजन् पारयामसि।

पारयामसीति पारयामसि॥

31.जटा पाठ विकृति लक्षणानि

प्रतीकात्मक चित्र (हमारे यहां कितनी गहराई तक पहले वेदपाठ का प्रचलन था)

शैशिरीये समाम्नाये व्यालिनैव १ महर्षिणा। जटाद्या विकृतीरष्टौ लक्षयन्ते नातिविस्तरम्॥१॥

जटा माला शिखा रेखा ध्वजो दण्डो रथो घनः। अष्टौ विकृतयः प्रोक्ताः क्रमपूर्वा महर्षिभिः॥२॥

अष्टौ विकृतयः क्रमपूर्वा भवन्ति। तासु जटा दण्डसंज्ञ के द्वे विकृतो मुख्ये। यत विकृतयः संभवन्ति। तत्र जटां शिखाऽनुसरति। तथा च दण्डं माला रेखा ध्वज रथा अनुसरन्ति घनस्तु जटादण्डावनुसरति।

32.जटा प्रथमं लक्षणम्

अनुलोमाविलोमाभ्यां त्रिवारं हि पठेत् क्रमम्। विलोमे पदवत्संधिः अनुलोमे यथाक्रमम्॥

33.द्वितीयं जटालक्षणम्

क्रमे यथोक्ते पदजातमेव द्विरभ्यसेदुत्तरमेव पूर्वम्। अभ्यस्य पूर्वं च तथोत्तरे पदेऽवसानमेवं हि जटाभिधीयते॥

34.जटा लक्षणम्

अनुलोमाविलोमाभ्यां त्रिवारं हि पठेत्क्रमम्। यथावत्स्वर संयुक्तं सा जटेत्यभिधीयते॥

ब्रूयात्क्रमविपर्यासौ पुनश्च क्रममुत्तरम्। जटाख्यां विकृतिं धीमान् विज्ञाय क्रमलक्षणम्।

35.जटा

अनुलोमः१ २+विलोमः२ १+अनुलोमः१ २॥ (क्रमः१ २+व्युत्क्रमः२ १+संक्रमः१ २)

अनुक्रम,उतक्रम,व्युत्क्रम,अभिक्रम,संक्रम।

36.जटा पाठः

१ २ २ १ १ २। २ ३ ३ २ २ ३। ३ ४ ४ ३ ३ ४। ४ ५ ५ ४ ४ ५। ५ ६ ६ ५ ५ ६। ६ ६॥

७ ८ ८ ७ ७ ८। ८ ९ ९ ८ ८ ९। ९ १० १० ९ ९ १०। १० ११ ११ १० १० ११। ११ १२ १२ ११ ११ १२। १२ १२॥

ओ३म् ओषंधयस् सं, समोषंधय, ओषंधयस् सम्। सं वंदन्ते, वदन्ते सं, सं वंदन्ते। वदन्ते सोमेंन, सोमेंन वदन्ते, वदन्ते सोमेंन। सोंमेन सह, सह सोमेंन, सोमेंन सह। सह राज्ञा, राज्ञां सह, सह राज्ञां। राज्ञेति राज्ञां॥

यस्मैं कृणोतिं, कृणोति यस्मै, यस्मैं कृणोतिं। कृणोतिं ब्राह्मणो, ब्रांह्मणः कृणोतिं, कृणोतिं ब्राह्मणः। ब्राह्मणास्तं, तं ब्रांह्मणो, ब्रांह्मणास्तं। तं रांजन्, राजंस्तं, तं रांजन्। राजन्पारयामसि, पारयामसि राजन्, राजन्पारयामसि। पारयामसीतिं। पारयामसि॥१॥

संहिता पाठ

ओ३म् ओषंधयः सं वंदन्ते सोमेंन सह राज्ञां। यस्मैं कृणोतिं ब्राह्मणस् तं रांजन् पारयामसि॥ ऋग्वेद १०.९७.२२

37.माला

माला द्वौ भेदौ पुष्प माला क्रम माला चेति। तत्र क्रम मालायाः लक्षणम्

38.क्रम माला लक्षणम्

ब्रूयात्क्रमविपर्यासावर्धर्चस्यादितोऽन्ततः। अन्तं चादिं नयेदेवं क्रमालेति गीयते॥

अवसानाश्चावसानांतं क्रमादुत्क्रमणं भवेत्। जटाख्यां विकृतिं धीमान् संहितायाः सदा पठेत्॥

पञ्चविंशति प्रभेदा वै मालाख्यां विकृतिं पठेत्। संहितादि शिखान्तं च अनुलोमविलोमतः॥

आदितोऽन्ततश्चापि मालाख्यां विकृतिं पठेत्। पञ्चविंशति प्रभेदाश्च मालाया संभवन्ति॥

मालायाश्च पुनर्भेदा कथिताः पञ्चविंशति।

39.क्रम माला

१ २। ६ ६॥ २ ३। ६ ५॥ ३ ४। ५ ४॥ ४ ५। ४। ३॥ ५ ६। ३ २॥ ६ ६॥

२ १। ७ ८। १२ १२॥ ८ ९। १२ ११॥ ९ १०।११ १०॥ १० ११। १० ९॥ ११ १२। ९ ८॥ १२ ११॥

ओषंधयः सं। राज्ञेति राज्ञां॥ सं वंदन्ते। राज्ञां सह॥ वदन्ते सोमेंन। सह सोमेंन॥ सोमेन सह। सोमेंन वदन्ते॥ सह राज्ञां। वदन्ते सं॥ राज्ञेति राज्ञां। समोषंधयः॥ यस्मैं कृणोतिं॥ पारयामसीतिं पारयामसि॥

कृणोतिं ब्राह्मणः। पारयामसि राजन्॥ ब्राह्मणास्तं राजँस्तं॥ तं रांजन्। तं ब्रांह्मणः॥ राजन्पारयामसि॥ ब्राह्मणः कृणोतिं॥ पारयामसीतिं पारयामसि॥ कृणोति यस्मै॥

40.क्रम माला

क्रमांक	आदितोऽन्ततः	अन्तं चादिं नयेत्
१	ओषंधयः सं।	राज्ञेति राज्ञां।
२	सं वंदन्ते।	राज्ञां सह।
३	वदन्ते सोमेंन।	सह सोमेंन।

४	सोमेन सह।	सोमेन वदन्ते।
५	सह राज्ञां।	वदन्ते सं।
६	राज्ञेति राज्ञां।	समोषधयः।
७	यस्मै कृणोति।	पारयामसीति पारयामसि।
८	कृणोति ब्राह्मणः।	पारयामसि राजन्।
९	ब्राह्मणास्तं।	राजँस्तं।
१०	तं राजन्।	तं ब्राह्मणः।
११	राजन्पारयामसि।	ब्राह्मणः कृणोति।
१२	पारयामसीति पारयामसि।	कृणोति यस्मै।

41.पुष्प माला

पुष्प माला लक्षणम्

माला मालेव पुष्पाणां पदानां ग्रन्थिनी हि सा। आवर्तन्ते त्रयस्तस्यां क्रमव्युत्क्रमसंक्रमा॥

जटावदेव पुष्प माला भवति। तत्र प्रतिपदं विराम इतिकारश्चेति विशेषः। केचिच्च पुष्पमालायामितिकारं पद सन्धिस्थानेऽपि वदन्ति। यथा "समोषधय" इति सम् ओषधयः। "ब्राह्मणास्तं" इति ब्राह्मणः तम्। "राजँस्तं" इति राजन् तम्। इत्यादि।

क्रमांक	(क्रमः) विरामः	(व्युत्क्रमः) विरामः	(संक्रमः)	इति। (विराम)
१	ओषधयः सं	समोषधयः	ओषधयः सं	इति। (विराम)
२	सं वदन्ते	वदन्ते सं	सं वदन्ते	इति। (विराम)
३	वदन्ते सोमेन	सोमेन वदन्ते	वदन्ते सोमेन	इति। (विराम)
४	सोमेन सह	सह सोमेन	सोमेन सह	इति। (विराम)
५	सह राज्ञां	राज्ञां सह	सह राज्ञां	इति। (विराम)
६	राज्ञेति राज्ञां			
७	यस्मै कृणोति	कृणोति यस्मै	यस्मै कृणोति	इति। (विराम)
८	कृणोति ब्राह्मणः	ब्राह्मणः कृणोति	कृणोति ब्राह्मणः	इति। (विराम)
९	ब्राह्मणास्तं	तं ब्राह्मणः	ब्राह्मणास्तं	इति। (विराम)
१०	तं राजन्	राजँस्तं	तं राजन्	इति। (विराम)
११	राजन्पारयामसि	पारयामसि राजन्	राजन्पारयामसि	इति। (विराम)
१२	पारयामसीति पारयामसि।			

42.शिखा लक्षणम्

पदोत्तरां जटामेव शिखामार्याः प्रचक्षते।

ओ३म् ओषधयस् सं, समोषधय, ओषधयस् सम्, वदन्ते।

सं वदन्ते, वदन्ते सं, सं वदन्ते, सोमेन।

वदन्ते सोमेन, सोमेन वदन्ते, वदन्ते सोमेन, सह।

सोमेन सह, सह सोमेन, सोमेन सह, राज्ञा।

सह राज्ञा, राज्ञा सह, सह राज्ञा।

राज्ञेति राज्ञा॥

यस्मै कृणोति, कृणोति यस्मै, यस्मै कृणोति, ब्राह्मणः।

कृणोति ब्राह्मणो, ब्राह्मणः कृणोति, कृणोति ब्राह्मणस, तम्।

ब्राह्मणस्तं, तं ब्राह्मणो, ब्राह्मणस्तं, राजन्।

तं राजन्, राजंस्तं, तं राजन्, पारयामसि।

राजन्पारयामसि, पारयामसि राजन्, राजन् पारयामसि।

पारयामसीति। पारयामसि॥

43.रेखा पाठ

रेखा लक्षणम्।

क्रमाद् द्वित्रिचतुष्पञ्चपदक्रममुदाहरेत्। पृथक्पृथग्विपर्यस्य लेखामाहुः पुनः क्रमात्॥

पूर्वार्धस्य

पदद्वयं

ओ३म् ओषधयः सं। समोषधयः। ओषधयः सं॥

पदत्रयं

सं वदन्ते सोमेन। सोमेन वदन्ते सं। सं वदन्ते॥

पदचतुष्कं

वदन्ते सोमेन सह राज्ञा। राज्ञा सह सोमेन वदन्ते। वदन्ते सोमेन॥

सोमेन सह। सह राज्ञा। राज्ञेति राज्ञा॥

उत्तरार्धस्य

पदद्वयं

यस्मै कृणोति। कृणोति यस्मै। यस्मै कृणोति॥

पदत्रयं

कृणोति ब्राह्मणस्तं। तं ब्राह्मणः कृणोति। कृणोति ब्राह्मणः।

पदचतुष्कं

ब्राह्मणस्तं राजन् पारयामसि। पारयामसि राजंस्तं ब्राह्मणः। ब्राह्मणस्तं।

तं राजन्। राजन् पारयामसि। पारयामसीति पा।रयामसि॥

यद्वासर्वस्य मन्त्रस्य

पदद्वयं

ओषधयः सं। समोषधयः। ओषधयः सं॥

पदत्रयं

सं वंदन्ते सोमेन। सोमेन वदन्ते सं। सं वंदन्ते॥

पदचतुष्कं

वदन्ते सोमेन सह राज्ञा। राज्ञा सह सोमेन वदन्ते। वदन्ते सोमेन॥

पदपञ्चकं

सोमेन सह राज्ञा यस्मै कृणोति। कृणोति यस्मै राज्ञा सह सोमेन। सोमेन सह॥

पदषट्कं

सह राज्ञा यस्मै कृणोति ब्राह्मणास्तं। तं ब्राह्मणः कृणोति यस्मै राज्ञा सह।

पदसप्तकम्

राज्ञा यस्मै कृणोति ब्राह्मणास्तं राजन् पारयामसि पारयामसि राजंस्तं ब्राह्मणः कृणोति यस्मै राज्ञा। राज्ञा यस्मै ॥

यस्मै कृणोति। कृणोति ब्राह्मणाः। ब्राह्मणास्तं। तं राजन्। राजन् पारयामसि। पारयामसीति पारयामसि ॥

44.ध्वज लक्षणम्

ब्रूयादादेः क्रमं सम्यगन्तादुत्तारयेद्यदि। वर्गे च ऋचि वा यत्र पठनं स ध्वजः स्मृतः॥

जटादेः क्रमरूपं तु ह्यन्तादुत्तारयदिव। अर्धर्चा वा ऋचा वापि पठनं च ध्वजः स्मृतः॥

क्रमांक	आदे क्रमः	क्रमः	अन्तादुत्तारणं
१	ओषधयः सं	२	पारयामसीति पारयामसि।
३	सं वंदन्ते	४	राजन्पारयामसि
५	वदन्ते सोमेन	६	तं राजन्
७	सोमेन सह	८	ब्राह्मणास्तं
९	सह राज्ञा	१०	कृणोति ब्राह्मणाः
११	राज्ञेति राज्ञा	१२	यस्मै कृणोति
१३	यस्मै कृणोति	१४	राज्ञेति राज्ञा
१५	कृणोति ब्राह्मणाः	१६	सह राज्ञा
१७	ब्राह्मणास्तं	१८	सोमेन सह
१९	तं राजन्	२०	वदन्ते सोमेन
२१	राजन्पारयामसि	२२	सं वंदन्ते
२३	पारयामसीति पारयामसि।	२४	ओषधयः सं

अत्र विशेषः।

१. अत्र ध्वजस्य पठनक्रमोऽङ्कैः प्रदर्शितः।

२. यथा मन्त्रस्यैकस्यैवं ध्वजो भवति, तथैव पञ्च षट सप्त मन्त्र संख्याकस्य वर्गस्याप्येवमेव ध्वजो भवति।
तत्र वर्गादिस्थितस्य पदद्वयस्य वर्गान्तस्थेन पदेन द्विरुक्तेनेतिकारसहितेन च सम्बन्धो ज्ञातव्यः।
यथा "अग्निमीळे...आ ममदिति आ गमत्" इति प्रथमस्य वर्गस्य ऋगवेदस्य ध्वजो बोद्धव्यः।
वर्गे वा ऋषि वा यः स्यात्पठितः स ध्वजः स्मृतः। इति वा पाठः।

45.दण्डपाठः

दण्ड लक्षणम्

क्रममुक्त्वा विपर्यस्य पुनश्च क्रममुत्तरम्। अर्धर्चादेवमुक्तोऽयं क्रमदण्डोऽभिधीयते। चत्वारिंशद्भेदा भवन्ति दण्डस्य॥

पूर्वार्धस्य

ओ३म् ओषधयः सं॥ समोषधयः।

ओषधयः सं। सं वदन्ते॥ वदन्ते समोषधयः।

ओषधयः सं। सं वदन्ते। वदन्ते सोमेन ॥ सोमेन वदन्ते समोषधयः।

ओषधयः सं। सं वदन्ते। वदन्ते सोमेन। सोमेन सह ॥ सह सोमेन वदन्ते समोषधयः।

ओषधयः सं। सं वदन्ते। वदन्ते सोमेन। सोमेन सह ॥ सह राज्ञा॥ राज्ञा सह सोमेन वदन्ते समोषधयः। ओषधयः सं। सं वदन्ते। वदन्ते सोमेन। सोमेन सह ॥ सह राज्ञा॥ राज्ञेति राज्ञा।

उत्तरार्धस्य

यस्मै कृणोति॥ कृणोति यस्मै।

यस्मै कृणोति। कृणोति ब्राह्मणः ॥ ब्राह्मणः कृणोति यस्मै।

यस्मै कृणोति। कृणोति ब्राह्मणः। ब्राह्मणस्तं ॥ तं ब्राह्मणः कृणोति यस्मै।

यस्मै कृणोति। कृणोति ब्राह्मणः। ब्राह्मणस्तं। तं राजन् ॥ राजंस्तं ब्राह्मणः कृणोति यस्मै।

यस्मै कृणोति। कृणोति ब्राह्मणः। ब्राह्मणस्तं। तं राजन्। राजन् पारयामसि॥ पारयामसि राजंस्तं ब्राह्मणः कृणोति यस्मै। यस्मै कृणोति। कृणोति ब्राह्मणः। ब्राह्मणस्तं। तं राजन्। राजन् पारयामसि॥ पारयामसिति पारयामसि ॥

46.रथः

रथः लक्षणम्

अनुलोमं जटान्तं तु विलोमे तु पृथक् पृथक्। रथाख्यां विकृतिं ब्रूयाद्रथभेदः प्रकथ्यते॥ अनुलोमं जटान्तं तु प्रपठेद्वै पृथक् पृथक्। जटाख्यां विकृतिं धीमान् विलोमे तु पृथक् पृथक्॥ अथैकादशभेदा भवति। विलोमेनैकादशभेदा॥

पादशोऽर्धर्चशो वापि सहोक्त्या दण्डवद्रथः।

रथस्त्रिविधः। द्विचक्रस्त्रिचक्रश्चतुश्चक्रश्चेति। तत्र द्विचक्रो रथोऽर्धर्चशो भवति। त्रिचक्रस्तु रथः प्रतिपादे समानपद संख्यायुतस्य गायत्री छन्दः कस्यैव मन्त्रस्य भवति। चतुश्चक्रो रथस्तु रथस्तु पादश एक भवति।

द्वि चक्री रथः (अर्धर्चशः)

द्वि चक्री रथः (अर्धर्चशः)				
क्रम सख्या		पूर्वार्ध	उत्तरार्ध	पद क्रम
१	१	ओषधयः सं।	यस्मै कृणोति।	प्रथम एक पात्क्रमः
		समोषधयः।	कृणोति यस्मै।	व्युत्क्रमः
२	१	ओषधयः सं।	यस्मै कृणोति।	द्वितीयो द्विपात्क्रमः
	२	सं वदन्ते।	कृणोति ब्राह्मणः।	द्वितीयो द्विपात्क्रमः
		वदन्ते समोषधयः।	ब्राह्मणः कृणोति यस्मै।	व्युत्क्रमः
३	१	ओषधयः सं।	यस्मै कृणोति।	तृतीयस्त्रिपात्क्रमः
	२	सं वदन्ते।	कृणोति ब्राह्मणः।	तृतीयस्त्रिपात्क्रमः
	३	वदन्ते सोमेन।	ब्राह्मणस्तं।	तृतीयस्त्रिपात्क्रमः
		सोमेन वदन्ते समोषधयः।	तं ब्राह्मणः कृणोति यस्मै।	व्युत्क्रमः

४	१	ओषधयः सं।	यस्मै कृणोति।	चतुर्थश्चतुष्पात्क्रमः
	२	सं वदन्ते।	कृणोति ब्राह्मणः।	चतुर्थश्चतुष्पात्क्रमः
	३	वदन्ते सोमेन।	ब्राह्मणस्तं।	चतुर्थश्चतुष्पात्क्रमः
	४	सोमेन सह।	तं राजन्।	चतुर्थश्चतुष्पात्क्रमः
		सह सोमेन वदन्ते समोषधयः।	राजंस्तं ब्राह्मणः कृणोति यस्मै।	व्युत्क्रमः
५	१	ओषधयः सं।	यस्मै कृणोति।	पञ्चमः पञ्चपात्क्रमः
	२	सं वदन्ते।	कृणोति ब्राह्मणः।	पञ्चमः पञ्चपात्क्रमः
	३	वदन्ते सोमेन।	ब्राह्मणस्तं।	पञ्चमः पञ्चपात्क्रमः
	४	सोमेन सह।	तं राजन्।	पञ्चमः पञ्चपात्क्रमः
	५	सह राज्ञा।	राजन् पारयामसि।	पञ्चमः पञ्चपात्क्रमः
		राज्ञेति राज्ञा।	पारयामसीति पारयामसि।	समाप्तिः

47.द्वि चक्री रथः

द्वि चक्री रथः पाठ विभिन्न दो मन्त्रों को लिया गया है क्योंकि इनमें सम पद प्राप्त होते हैं।

छन्दः गायत्री, स्वर षड्जः, देवता अग्नि, संहिता पाठ

ओ३म् अग्निमीळे पुरोहितं यज्ञस्य देवमृत्विजम्। होतारं रत्नधातमम्॥ ऋग्वेद १। १। १

छन्द गायत्री, स्वर षड्जः, देवता अग्नि, संहिता पाठ

ओ३म् अयं देवाय जन्मने स्तोमो विप्रेभिरासया। अकारि रत्नधातमः॥ ऋग्वेद १। २०। १

अनयोर्द्वयोर्मन्त्रयोः साकल्येनापि द्विचक्रो रथो भवति। तत्र प्रथमः प्रकारो यथा...

द्वि चक्री रथः प्रथमः प्रकारो

ओ३म् अग्निमीळे। अयं देवाय॥ ईळेऽग्निं। देवायायं॥

अग्निमीळे। ईळे पुरोहितं। अयं देवाय॥ देवाय जन्मने॥ पुरोहितमीळेऽग्निं। जन्मने देवायायं॥

अग्निमीळे। ईळे पुरोहितं। पुरोहितं यज्ञस्य ॥ अयं देवाय। देवाय जन्मने। जन्मने स्तोमः॥ यज्ञस्य पुरोहितमीळेऽग्निं। स्तोमो जन्मने देवायायं॥

अग्निमीळे। ईळे पुरोहितं। पुरोहितमिति यज्ञस्य। पुरोहितमिति पुरःऽहितं। यज्ञस्य देवं। अयं देवाय। देवाय जन्मने। जन्मने स्तोमः। स्तोमो विप्रेभिः। देवं यज्ञस्य पुरोहितमीळेऽग्निम्॥ विप्रेभिः स्तोमो जन्मने देवायायं॥

अग्निमीळे। ईळे पुरोहितम्। पुरोहितं यज्ञस्य। पुरोहितमिति पुरःऽहितं। यज्ञस्य देवं। देवमृत्विजं॥ अयम् देवाय। देवाय जन्मने। जन्मने स्तोमः। स्तोमो विप्रेभिः। विप्रेभिरासया॥ ऋत्विजन् देवम् यज्ञस्य पुरोहितमीळेऽग्निम्। आसया विप्रेभिः स्तोमो जन्मने देवायायं॥

अग्निमीळे। ईळे पुरोहितम्। पुरोहितम् यज्ञस्य। पुरोहितमिति पुरःऽहितं। यज्ञस्य देवं। देवमृत्विजं॥ अयन् देवाय। देवाय जन्मने। जन्मने स्तोमः। स्तोमो विप्रेभिः। विप्रेभिरासया॥ ऋत्विजमित्यृत्विजं॥ आसयेयासया॥

